हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 मार्च 2025

11 जीरो करें ड्रॉप आउट, 100 प्रतिशत नामांकन ...



12 पूरा बकाया मानदेय देने और खाली पदों पर भर्ती ...








## खबर संक्षेप

### 85वां रफी नाइट कार्यक्रम कल

**भिवानी।** चाणक्य कला मंच एवं महेश इंद्रसिंह एंटरटेनमेंट द्वारा 29 मार्च को 85वां रफी नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। चाणक्य कला मंच के प्रधान अनिल वत्स एवं रफी नाइट कार्यक्रम के आयोजक सदस्य घनश्याम शर्मा ने बताया कि रफी नाइट कार्यक्रम 29 मार्च को रात साढ़े 7 बजे सांस्कृतिक सदन में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के तौर पर विधायक घनश्याम दास सर्राफ, भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक व सुरेंद्र लोहिया शिरकत करेंगे। गायिका शिवानी प्रसाद अपने अभिनय की प्रस्तुति देंगी।

### प्रजापति जागृति मंच का रक्तदान शिविर 30 को

**भिवानी।** प्रजापति जागृति मंच द्वारा 30 मार्च को श्रीचेतराम प्रजापति धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मंच के प्रधान शिवकुमार प्रजापति ने बताया कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है, जिसके चलते ब्लड बैंकों में रक्त की मांग बढ़ जाती है, जरूरतमंदों तक समय पर रक्त पहुंचाकर उनका जीवन बचाने के प्रयास के उद्देश्य से रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

### मजदूर बोले: दोपहर रोटी खाकर खाली हाथ वापस घर चले जाते,कैसे पलेगा परिवार

# आढ़तियों के आगे डिपॉजिट की शर्त अड़ी नहीं पहुंची सरसों-अनाजमंडी खाली पड़ी

- हैंडलिंग एजेंट बनने के लिए जमा करवानी पड़ती है 25 लाख रुपये की सिक्योरिटी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी







भले ही सरसों की सरकारी खरीद किसानों को रास आई हो,लेकिन आढ़तियों व मजदूरों के लिए समस्या बन गई। सरसों अनाजमंडी में आने की बजाए चारा मंडी में पहुंचने लगी। सरसों की फसल के सीजन अनाजमंडी सुनी पड़ी है। फसलें न आने से आढ़ती व मजदूर पूरे दिन खाली बैठे है। उनको एक पैसे की मजदूरी नहीं मिल पा रही है। हालात ये बने है कि सुबह घर से खाना लेकर आ रहे हैं और दोपहर में खाना खाकर अपने घर वापस लौट रहे है। यह स्थिति 12-13 दिनों से बनी हुई है।

बताते है कि होली पर्व के दो दिन बाद ही सरकार ने सरसों की सरकारी खरीद शुरू कर दी थी, लेकिन आढ़तियों की बजाए हैंडलिंग एजेंटों के माध्यम से शुरू करवाई गई। हैंडलिंग एजेंट के लिए सरकार ने ऐसी शर्त लगा दी कि वह बड़ी मुश्किल से हैंडलिंग एजेंट बन पाए। चूंकि सरकार की तरफ से हैंडलिंग एजेंट बनने के लिए 25 लाख रुपये की सिक्योरिटी जमा करवानी तय की गई। ऐसे में कोई भी आढती हैंडलिंग एजेंट बनने के लिए तैयार नहीं है।

### चारा मंडी में जाने की हिदायत

गिने चुने ही लोगों ने हैंडलिंग एजेंट के लिए एप्लाई किया। जिसके बाद से चारा मंडी में सरसों पहुंचनी शुरू हो गई। किसानों को गेट पास जारी करते हुए चारा मंडी में जाने की हिदायत दी जा रही है। जिसके चलते कोई भी किसान अनाजमंडी में अपनी सरसों लेकर नहीं पहुंच रहा। जिस वजह से पूरे दिन न तो आढतियों के पास काम है और न ही मजदूरों को मजदूरी मिल रही है। हालात ये बने है कि मजदूर सुबह खाना लेकर अनाजमंडी में पहुंच रहे है और दोपहर को खाना खाने के बाद वापस अपने घर चले जा रहे है। कई मजदूर तो ऐसे है। जिनकों पूरे दिन में एक पैसे का भी काम नहीं मिल पा रहा है।

**दो दाने मंडी आवैगे तो उनको भी मिलेगा काम:** पिछले कई वर्षों से अनाजमंडी में झराई का कार्य करने वाली सुमित्रा ने बताया कि पहली बार ऐसा हुआ है कि सरसों के सीजन में फसल नहीं पहुंची हो। वे सुबह खाना लेकर अनाजमंडी पहुंचती है। फसलों की ढेरी न आने की वजह से दोपहर तक मंडी में शैडों के नीचे बैठे रहते है। दोपहर को खाना खाने के बाद कुछ देर तक इंतजार करते है। अगर इस दौरान भी कोई किसान अपनी फसल लेकर नहीं आता तो वे अपने घर चले जाते है। दस दिन से इसी तरह की समस्या बनी है। अगर यही हालत रहे तो उनके आगे रोजी रोटी का संकट गहरा जाएगा। एक अन्य मजदूर ने बताया कि अगर अनाजमंडी में किसी भी फसल के दो दाने आएंगे तो उनको काम मिलेगा। फसल अनाजमंडी की बजाए चारा मंडी में चली गई तो उनको कहां से मजदूरी मिलेगी।

**पूरे दिन आराम फरमाते हैं मजदूर:** अनाजमंडी में फसले नहीं पहुंचने की वजह से दिनभर मजदूर खाली बैठे रहते है। सुबह तो वे खाना लेकर पहुंच जाते है,लेकिन उसके बाद पूरे दिन मंडी में बैठे रहते है। टाईम पास करने के लिए वे मंडी में आराम करते है या फिर मंडी के शैड के नीचे लगी बोरियों पर पूरे दिन आराम फरमाते है। ऐसे में किस तरह से उनके परिवार का पालन व पोषण हो पाएगा।



बवानीखेड़ा। जाटू लोहारी में कनेक्शन काटो अभियान के तहत पहुंची टीम। फोटो : हरिभूमि

### बिजली निगम की टीम ने लोहारी जाटू के स्कूल का काटा केनेक्शन

**बवानी खेड़ा।** गांव लोहारी जाटू के राजकीय विद्यालय में बिजली निगम के कर्मचारियों ने अधिकारियों के आदेशों की पालना करते हुए विद्यालय के डिफाल्टर होने पश्चात बिजली कनेक्शन काट दिया। बता दें कि उपमंडल अभियंता राजेन्द्र कुमार के आदेशानुसार कनिष्ट अभियंता सुमित, अजय राणा, बिजेन्द्र, विनोद कुमार, सतीश कुमार, रवि, विनोद आदि की टीमें गठित की गई हैं। दो दिन पहले बवानी खेड़ा के सामान्य बस स्टैंड का कनेक्शन काटा गया था। हालंकि तहसील कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग, रेलवे स्टेशन, राजकीय विद्यालयों सहित अनेक सरकारी कार्यालयों में बिजली निगम का लाखों, करोड़ो रूपयों के बिल पेंडिंग हैं। उच्चाधिकारियों से मिले आदेशों की पालना करते हुए कर्मचारियों ने सभी डिफाल्टरों की सूची तैयार कर ली है। इसी को लेकर लोहारी जाटू के राजकीय विद्यालय में टीम ने पहुंचकर बिजली कनेक्शन काट दिया। वही इस बारे में उपमंडल अभियंता राजेन्द्र कुमार ने बताया कि विभाग के आदेश है यदि बिल जमा नहीं करवाए गए तो कनेक्शन काट दिए जाएंगे। वहीं कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार यादव ने बताया कि विद्यालय मुखिया के पास अनेक फंड उपलब्ध होते हैं किसी फंड से बिजली कनेक्शन की राशि का भुगतान किया जा सकता है।

Bhiwani's No.1 Institute Since 2016

Our result speaks what we are...


DEEP
SCIENCE & COMPETITION CLASSES PVT. LTD.

Unique institute in Bhiwani Registered with Govt. of India MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS & GOVT. OF HARYANA

Registration Starts for 6th to 12th (Science Stream only) CBSE & HBSE

Scholarship Test
30 March & 6 April

Visit Our Campus




ATTRACTION POINT OF ACADEMY
- Experienced Faculty Team.
- Well Equipped Lab & Library.
- Enthusiastic & Amicable Teachers.
- AC Class Rooms, CCTV Surveillance.
- No Compromise on the quality of Education.
- Quality Based study material prepared by experts.
- More importance is given on moral values & discipline
- In/Out information of students to parents by Biometric Attendance System.

▶ Class XI & XII (JEE. NEET, NDA)
▶ Class IX & X (Olympiad, UPSC Foundation)
▶ Class VI & VIII (Olympiad, Sainik School)

Free...
कॅरियर काउंसलिंग
For your ward

By Expert Team

| Dr. Swati Singh | Dr. Nihal Singh | Mr. Manoj Choudhary | Mr. Rakesh Jangra |
|---|---|---|---|
| Medical Officer, Delhi | PHD HCS Qualified | B Tech (Kota) | Expert of Civil Services |
| | | Ex Faculty Aakash Delhi | IAS, HCS, NDA |

| Date: | Time: | Place: Bulbul Complex |
|---|---|---|
| 30 March & 6 April | 10:00 AM to 2:00 Pm | Chokhani Estate, Meham Road, Bhiwani |



Address : Bulbul Complex, Meham Road, Chokhani Estate, Bhiwani
Email : bhiwani2@gmail.com
YouTube DEEP NBS EDUCATION CENTRE
Contact : 7027744546, 7027744548, 7027744549

DIRECTOR,
Dr. Nihal Singh Principal (Retd.)
Ph.D in Maths HCS QUALIFIED

## खबर संक्षेप

### दूध पर 5 पैसे प्रति लीटर लेना उत्पादकों के साथ अन्याय

**भिवानी।** देसा मैं देस हरियाणा जित दूध दही का खाणा...कहावत भले ही हरियाणा में हो, लेकिन हरियाणा में सरकार दूध उत्पादकों के साथ अन्याय कर रही है। करीब 25 साल पहले इनेलो सरकार में लगाया गया सेस टैक्स वसूलकर सरकार किसानों, दूध उत्पादकों को किसी तरह की राहत देने की बजाय उन पर सेस टैक्स के रूप में बोझ लाद रखा है।

### कागज देखकर डीसी ने महिला की समस्या जानी

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक द्वारा नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेने का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि वीरवार को लघु सचिवालय परिसर में दुर्गा कालोनी क्षेत्र में बनी पेयजल समस्या लेकर पहुंची दर्जनभर महिलाओं के हाथ में फरियाद का कागज देख उपायुक्त न केवल एकाएक रुके बल्कि मौके पर ही अधिकारी को बुलाकर उनकी समस्या का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

### किरण चौधरी ने स्टेशन के चयन को लिखा पत्र

**भिवानी।** राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने भिवानी रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयन करने पत्र लिखकर केंद्रीय रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि रेल मंत्रालय द्वारा ये सराहनीय कदम है और इससे भिवानी तथा आसपास के क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। परिवहन के साथ-साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे में भी विकास होगा। इससे सुविधाओं का आधुनिकीकरण होगा। राज्यसभा सांसद ने केंद्रीय रेल मंत्रालय को रेलवे स्टेशन के विकास और आमजन के हित के लिए रेल मंत्रालय को सुझाव दिए हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि रेल मंत्रालय इन सुझाव पर सकारात्मक रूख रखते हुए अमल में लाए जाएंगे।

### पर्याप्त मात्रा में मिलना चाहिए पेयजल : डीसी

**भिवानी।** गर्मी के मौसम के मद्देनजर जिले में समुचित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त महावीर कौशिक की अध्यक्षता में लघु सचिवालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग और पंचायत विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम के दौरान नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल मिलना चाहिए। इसके साथ ही तालाबों में पानी भरना सुनिश्चित करें ताकि मवेशियों के समक्ष पानी की दिक्कत ना हो।

### झील की सफाई को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**तोशाम।** तोशाम की झील की सफाई और रखरखाव को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम डॉक्टर अशवीर सिंह नैन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में पवन शर्मा, शिवदयाल, मोहनराम, सोमनाथ, बलजीत, महेंद्र, मीनाक्षी, सुमेधा, सोनू और वंदना देवी आदि शामिल थे। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले छह महीनों से झील की सफाई का काम बिल्कुल ठप पड़ा है। पंचायत द्वारा ठेकेदार को रखरखाव का ठेका दिया गया था, लेकिन तब से पार्कों की हालत बिगड़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि झील में न तो पौधों की देखभाल हो रही है और न ही पानी की आपूर्ति।

### समाधान शिविर में हाजिरी सुनिश्चित करें

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मुनीश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देशों पर आयोजित शिविर में जिला मुख्यालय सहित बाढड़ा उपमंडल स्तर पर नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई की जा रही है। वे स्वयं तथा एसडीएम आशीष सांगवान और सीटीएम जितेंद्र आमजन की शिकायतें सुनकर मौके पर ही समाधान का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला के सभी उच्च अधिकारी इन शिविरों में उपस्थित रहे ताकि मौके पर ही मामले कि सुनवाई करते हुए समाधान किया जा सके।

---

जिले के सभी सरकारी विद्यालय विद्यांजलि पोर्टल पर पंजीकृत

# जीरो करें ड्रॉप आउट, 100 प्रतिशत नामांकन हो सुनिश्चित

### स्वयंसेवक पाठ्येतर गतिविधियों में ज्ञान व कौशल को करें सांझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में स्कूल मुखियाओं को पोर्टल के बारे में जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में समग्र शिक्षा विभाग भिवानी द्वारा जिले के सभी सरकारी विद्यालयों का विद्यांजलि पोर्टल पर पंजीकरण करवाने के लिए पंचायत भवन भिवानी में सभी सरकारी प्राथमिक, मिडिल, माध्यमिक व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के मुखियाओं की एक दिवसीय कार्यशाला का दो सत्रों में आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रातः कालीन सत्र में खंड बहल, सिवानी, लोहारू व तोशाम के मुखियाओं का भारत सरकार के विद्यांजलि पोर्टल पर पंजीकरण करवाया गया। कार्यशाला के सांय कालीन सत्र में खंड बवानी खेड़ा, भिवानी व कैरू के मुखियाओं का विद्यांजलि पोर्टल पर पंजीकरण करवाया गया।

इस अवसर पर सभी विद्यालय मुखियाओं को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना संयोजक सुभाष चंद्र भारद्वाज ने कहा कि विद्यांजलि पोर्टल भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तहत स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग की एक पहल है, जिसका उद्देश्य समुदाय और स्वयंसेवकों को सरकार और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों से सीधे जुड़ने में मदद करना है, ताकि वे एक समर्पित पोर्टल के माध्यम से अपनी सेवाएं दे सकें। इस अवसर पर उन्होंने सभी विद्यालय मुखियाओं से नए शैक्षणिक स्तर में नामांकन बढ़ाने का आह्वान किया कि सभी स्कूल मुखिया अपने सभी अध्यापकों के साथ मिलकर टीम भावना के साथ एकजुट होकर अप्रैल माह में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लें और अपने-अपने क्षेत्र को जीरो ड्रॉप आउट घोषित करते हुए शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सहायक परियोजना संयोजक बलजीत सिंह दहिया, विवेक अदलखा, डीआरपी सूर्यमणि, बीआरपी सोनिया शर्मा, वरुण,नीलम आदि मौजूद रहे।

#### विद्यांजलि पोर्टल की विशेषताएं विस्तार से बताई

इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक कर्मवीर सिंह सहायक परियोजना संयोजक ने बताया कि विद्यांजलि पोर्टल भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय का एक ऑनलाइन पोर्टल है, जो शैक्षणिक संस्थानों के पूर्व छात्रों, सेवारत और सेवानिवृत्त शिक्षकों, वैज्ञानिकों, सरकारी/ अर्ध-सरकारी अधिकारियों, सेवानिवृत्त सशस्त्र बलों के कर्मियों, स्व-नियोजित और वेतनभोगी पेशेवरों, गृहणियों, प्रवासी भारतीयों और किसी अन्य संगठन/समूह या कंपनी द्वारा पूरे भारत में अपनी पसंद के सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में विद्यांजलि पोर्टल पर पंजीकरण करके स्वैच्छिक योगदान की सुविधा प्रदान करता है। इच्छुक स्वयंसेवक या तो संपत्ति या सामग्री के रूप में योगदान दे सकते हैं या पाठ्यचर्या, सह-पाठ्यचर्या और पाठ्येतर गतिविधियों में अपने ज्ञान और कौशल को साझा करके भाग ले सकते हैं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार व डॉ सुरेन्द्र सिंह करते हुए सभी स्कूलों के मुखियाओं को विद्यांजलि पोर्टल की विशेषताओं के बारे में बताया सरकारी विद्यालयों ने नामांकन को बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अनिल शर्मा, विजय सांगवान उपस्थित रहे। कार्यशाला में मुख्य संसाधन व्यक्ति के रूप मे पीएम श्री राजकीय वमावि लेघा से भौतिकी विज्ञान के प्रवक्ता शैलेश ने पीपीटी के माध्यम से विद्यांजलि पोर्टल पर स्कूलों के पंजीकरण, सीएसआर प्रोजेक्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी तकनीकी जानकारी व पंजीकरण के विभिन्न चरणों को स्पष्ट किया। मंच संचालन पीएम श्री राजकीय कन्या वमावि भिवानी के अंग्रेजी प्रवक्ता मनोज कुमार ने किया।

---

# बच्चों में संस्कार डालें: कुलपति

- समाज में सकारात्मकता लाने के लिए प्रेरित करती है देश की गौरवशाली संस्कृति : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


भिवानी। हनुमान जोहड़ी में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मेधावियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

युवा जागृति जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ पार्टीसिपेशन के अंतर्गत भिवानी एक प्राचीन संस्कृति, केंद्रीय सांस्कृतिक मंत्रालय सरकार द्वारा वीरवार को हनुमान ढाणी स्थित विवेकानंद सभागार में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

पुजारी ध्यानदास ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि उपायुक्त महाबीर कौशिक एवं विशिष्ट अतिथि चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी ने शिरकत की। अनेक प्रतिभागियों ने हरियाणवी संस्कृति से ओत-प्रोत नृत्य, गायन एवं प्रेरणा गीत के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया तथा कार्यक्रम की सभी प्रतिभागियों को अतिथिगण ने प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया। उपायुक्त महाबीर कौशिक व कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी ने कहा कि कहा कि देश की गौरवशाली संस्कृति ही समाज में सकारात्मकता लाने के लिए प्रेरित करती है। हमें अपने बच्चों को देश की गौरवमयी संस्कृति एवं ऐतिहासिक धरोहरों के इतिहास से रूबरू करवाए। उन्होंने उपस्थित लोगों को प्रेरित किया कि वे अपने बच्चों में ऐसे संस्कार डाले, जिससे उनमें संस्कृति के प्रेम जागृत हो। इस अवसर पर सुरेंद्र सिवाड़ा, डा. पुष्पेंद्र पुष्प, पवन कौशिक, विजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

---

# अभिभावकों को जागरूक किया

- विभाग के आदेशों की पालना करते हुए विद्यालय से अलग अलग वार्डों में टीमों ने किया कूच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा


बवानीखेड़ा। वीर कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि के शिक्षक अभिभावकों को जागरुक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

बवानी खेड़ा के वीर कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों ने 16 वार्डों में अलग-अलग टीमें बनाकर डोर-टू-डोर जाकर अभिभावकों को जागरूक किया और सरकार द्वारा राजकीय विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत करवाया।

टीम में प्रवक्ता मोहित यादव, प्रवक्ता मनोज अग्रवाल, गोल्डी, गीता आदि ने बताया कि प्राचार्य संतोष भाकर द्वारा विभाग के आदेशों की पालना करते हुए टीमें बनाई और उन्हें डोर-टू-डोर अभिभावकों व बच्चों को प्रेरित करने के आदेश दिए। जिसके चलते उन्होंने बवानी खेड़ा के समस्त वार्डों में पहुंचकर जागरूकता अभियान चलाया ताकि विद्यालय में प्रवेश उत्सव के तहत दाखिल संख्या बढ़ाई जा सके। इसके अलावा आसपास के गांवों में भी इस अभियान को बदस्तूर जारी रखा क्योंकि विभाग द्वारा मुफ्त परिवहन सुविधा दी हुई है और आसपास के गांवों से भी विद्यार्थी विद्यालय में आते हैं।

सीबीएसई बोर्ड होने के चलते उनके विद्यालय का ग्राफ बढ़ा है क्योंकि निजी विद्यालयों में फीस अधिक होने के चलते गरीब तबके के परिवार अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में पढ़ाने के लिए असमर्थ होते हैं।

---

# जिले को ड्रग मुक्त करने पर मंथन

- अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहे कोई मामला : डीसी
- 32 केसों पर विचार विमर्श, उपायुक्त ने दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी


चरखी दादरी। अपराध संबंधी बैठक में समीक्षा करते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त मुनीश शर्मा ने कहा कि जिला में चिन्हित अपराध के तहत आने वाले एससी-एसटी एक्ट व सुरक्षा समीक्षा मामलों की जांच कर पुलिस विभाग पूरी गंभीरता से रिपोर्ट तैयार करे। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने लघु सचिवालय सभागार कक्ष में चिन्हित अपराध संबंधी समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए यह बात कही।

उपायुक्त ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे चिन्हित अपराध में कोर्ट में जाने से पहले संबंधित मामलों की रिपोर्ट बनाएं। चिन्हित मामलों के बारे संज्ञान लेते हुए उपायुक्त मुनीश शर्मा ने आदेश दिए कि आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करवाई जाए।

उपायुक्त ने कहा कि पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस कमर्शियल, रेप, मर्डर, एमटीपी, पीसी एक्ट करप्शन मामले ये सभी चिन्हित अपराध के तहत आते हैं, ऐसे मामलों में गहनता से जांच कर केस अदालत में पेश किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी अपराधी कोर्ट में केस की मजबूती न होने के कारण बचकर नहीं निकलना चाहिए।

बैठक में आगामी 20 अप्रैल तक जिले को ड्रग मुक्त करने का प्रस्ताव भी पारित किया। समीक्षा बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# छात्रों को शोध परियोजनाओं की जानकारी दी

- भौतिकी और रसायन विभाग के विद्यार्थियों ने किया ओम स्टर्लिंग यूनिवर्सिटी का शैक्षणिक दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


भिवानी। भ्रमण के दौरान यूनिवर्सिटी में तकनीकी शाखा के अंदर रखे उपकरण देखते हुए। फोटो : हरिभूमि

वैश्य महाविद्यालय भिवानी के भौतिकी और रसायन विभाग की स्नातकोत्तर कक्षा के विद्यार्थियों ने, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल के नेतृत्व और रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सविता जैन तथा भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मधु रानी की देखरेख में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी पहुँचने पर प्रोफेसर डॉ महेंद्र पूनिया और अन्य स्टाफ ने समस्त टीम का स्वागत किया। इस दौरे के दौरान, रसायन विभाग से सहायक प्रवक्ता डॉ मनीष कुमार,भौतिकी विभाग से सहायक प्रवक्ता डॉ पवन कुमार,सोनू कुमार, सुमन, पारुल और रुचिका ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया। इस यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों का दौरा किया। वहां प्रोफेसर और विद्यार्थियों से मिले, जिन्होंने उन्हें शैक्षिक कार्यक्रमों और शोध परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस यात्रा ने विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षिक दृष्टिकोणों को समझने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान किया। इस दौरे पर जाने से पहले, महाविद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित किया।

#### शैक्षिक दौरे विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने विद्यार्थियों को बताया कि इस तरह के शैक्षिक दौरे विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक होते हैं। विद्यार्थियों ने भी इस यात्रा को अत्यंत लाभकारी बताया और भविष्य में ऐसे दौरे और शैक्षिक अनुभव लेने की इच्छा व्यक्त की। यात्रा का समापन विश्वविद्यालय के उपकुलपति के साथ संवाद सत्र से हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने अनुभव और सवाल साझा किए। इस यात्रा ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाया और उन्हें अपने भविष्य के शैक्षिक लक्ष्यों को निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया।

---

### महिला कॉलेज का नाम स्वतंत्रता सेनानी के नाम करने की मांग की

**बवानी खेड़ा।** विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने विधानसभा में क्षेत्र में विश्राम गृह बनाने की मांग रखी। उन्होंने अध्यक्ष से निवेदन किया कि आजाद हिंद फौज के सिपाही और स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय ठाकुर शंभू सिंह के नाम पर महिला कॉलेज का नाम रखा जाए। इसके अलावा विधायक ने बुधवार को बवानी खेड़ा ढाणी में अंडरपास बनाने, बवानी खेड़ा में आईटीआई खोलने और खरक कलिंगा में स्टेडियम बनाने की मांग की। साथ ही खरक, रेवाड़ी, सिरसा और घोघड़ा खेड़ा के चार गांवों में टोल टैक्स माफ करने की अपील की। नगर पालिका में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने और कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की भी मांग रखी। हल्के में पानी की समस्या को गंभीर बताते हुए समाधान की जरूरत बताई। बुधवार को विधानसभा में उन्होंने तीसरी बार सुंदर नहर में पानी की मांग उठाई। उन्होंने अध्यक्ष को बताया कि पहले भी इस मुद्दे को विधानसभा में उठा चुके हैं। उन्होंने कहा कि बवानी खेड़ा शहर की ढाणी में पांच हजार लोग रहते हैं। वहां रेलवे अंडरपास पुल की जरूरत है। कई सालों से ढाणी के लोग परेशान हैं। उन्होंने खरक में खेल स्टेडियम बनाने की भी मांग रखी।

---

# आश्रम का 80 प्रतिशत काम हुआ पूरा

- राष्ट्रीय कवि दयाचंद की शिक्षाओं से प्रेरणा लें एवं जीवन में धारण करें : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


भिवानी। कार्यक्रम में म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के अध्यक्ष हनुमान कौशिक को स्मृति चिन्ह भेंट करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

दयाचंद सर्वसमाज के कवि थे, आज जरूरत है तो हमें उनकी शिक्षाओं से प्रेरणा लेने की और अपने जीवन में धारण करने की। ये बात म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने गांव पालम के दादा देव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि संगठन गांव उमरावत में लगभग सात करोड़ रूपये से सूर्यकवि पंडित लखमीचंद आश्रम का निर्माण करवा रहा है, जिसका 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। आश्रम में सूर्यकवि पंडित लखमीचंद, राष्ट्रीय कवि दयाचंद, जाट मेहर सिंह समेत पूरे भारत देश के सभी कवियों कि प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी और उनके द्वारा रचित पुस्तकें रखी जाएंगी। उन्होंने कहा कि भवन में हॉल बनेगा, जिसमें छह हजार व्यक्तियों के बैठने की सुविधा होगी। संगठन लगभग सभी कवियों की जयंती सर्वसमाज के साथ मनाता है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर निर्मला पिहाल, सरपंच रमेश भंबेवा, राजबीर बोहर, धर्मवीर नागर, नवीन शर्मा उमरावत, सुनील शर्मा उमरावत, नंदकिशोर बादली, राजेश खेड़ी, लोक गायक बाली शर्मा, राकेश भराणिया, इंद्रजीत कुंडलिया, कप्तान सिंह बिसानिया, जसबीर बादली, दीपक लडरावन, जनकराज बापोड़ा, वंश चांदी व संजय छजलाना आदि उपस्थित रहे।

---

### जेसीआई ने बर्ड फीडर अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण करने का दिया संदेश

**भिवानी।** पक्षियों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से जेसीआई भिवानी स्टार ने पांच वर्षों से बर्ड फीडर अभियान शुरू किया हुआ है। इस प्रोग्राम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी अनिल बंसल हैं, जिसके तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की जाती है और लोगों को मुहिम से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। अभियान के तहत जेसीआई द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के रखे दाने-पानी के पात्रों को भरा जाता है। वीरवार को जेसीआई ने हुडा पार्क में पक्षियों की बर्ड फीडर के पात्रों को दाने से भरा। जेसीआई के प्रधान जेसी संदीप अग्रवाल व मीडिया प्रभारी कपिल शर्मा ने बताया कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है तथा गर्मियों में पानी और भोजन की कमी के कारण कई पक्षी पीड़ा झेलते हैं, ऐसे में अभियान न सिर्फ पक्षियों को राहत देगा, बल्कि समाज में जागरूकता भी फैलाएगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने घरों की छतों और बालकनियों में पानी और दाना रखना चाहिए, ताकि पक्षियों को भोजन और जल की कमी न हो। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम अपने पर्यावरण और जीव-जंतुओं का ख्याल रखें।

---

विश्व की मोस्ट स्टेबल माइंड लेडी के खिताब से सम्मानित हो चुकी थी दादी जानकी

# अध्यात्मिक क्रांति की अग्रदूत थी दादी जानकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


भिवानी। दादी जानकी को नमन करते ब्रह्मकुमारी भाई बहनें। फोटो : हरिभूमि

वैश्विक अध्यात्मिक क्रांति की अग्रदूत थी दादी जानकी,जिन्होंने भारतीय संस्कृति व आध्यात्मिक मूल्यों को अपनी त्याग, तपस्या और सेवा के बल पर विश्वभर के सैकड़ों देशों में फैलाया, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में ब्रह्माकुमारी संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी डॉ. दादी जानकी के पांचवें पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम वैश्विक अध्यात्मिक जागृति दिवस पर सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए।

ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र कादमा व झोझूकलां में डॉ. दादी जानकी के पांचवें स्मृति दिवस पर सैकड़ों ब्रह्माकुमार भाई बहनों ने दादी जानकी को श्रद्धासुमन अर्पित कर समाज को दिव्य व श्रेष्ठ बनाने का संकल्प लिया। ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने कहा कि दादी जानकी को विश्व की मोस्ट स्टेबल माइंड लेडी का खिताब भी हासिल था। उन्होंने महिलाओं को आत्म संयम का पाठ पढ़ाया। ब्रह्माकुमारी बहन ने दादीजी के कदमों पर चल भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने का संकल्प भी दिलाया। झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दादी जानकी 104 वर्ष की थी, तब भी उनकी कार्य शैली नौजवान जैसी थी।


#### ब्रह्माकुमारीज संस्था ने वास्तव में महिला सशक्तिकरण का काम किया: अशोक शर्मा

सरपंच प्रतिनिधि रामबास अशोक शर्मा ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था ने वास्तव में महिला सशक्तिकरण का काम किया है, घर परिवार और समाज को अध्यात्म और मानवीय मूल्यों के बल पर समाज को एकजुटता प्रदान कर रही है। ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने कहा की संयुक्त राष्ट्र संघ की जनरल असेंबली के साथ-साथ विश्वभर की विभिन्न धार्मिक सामाजिक संस्थाओं को दादीजी ने संबोधित किया।

---

# जल्द मिलेगा दादरी को सरकारी मेडिकल कॉलेज: सांगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



भाजपा विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि चरखी दादरी जिला को जल्द ही सरकारी मेडिकल कालेज मिलन वाला है। मामले को लेकर उन्होंने विधानसभा में मुद्दा उठाया तो स्वास्थ्य मंत्री आरती राव द्वारा आगामी वित्त वर्ष में निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया है। मेडिकल कालेज खुलने से जहां क्षेत्र के युवाओं को मेडिकल की पढ़ाई करने बाहर नहीं जाना पड़ेगा, वहीं आसपास के लोगों को रोजगार भी मिलेगा। विधायक सांगवान ने बताया कि तत्कालीन गठबंधन सरकार द्वारा वर्ष 2016 में चरखी दादरी में मेडिकल कॉलेज की घोषणा की थी। उन्होंने विस में मेडिकल कालेज का मुद्दा उठाते हुए जल्द निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग की है।

**बेदखली सूचना**
मैं रिंकू पत्नी स्व० अमरजीत निवासी बिरही कलां तहसील व जिला चरखी दादरी बयान करती हूं कि मेरा पुत्र रवि मेरे कहने सुनने से बाहर है । इसलिए मैं मेरे पुत्र रवि को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में जो कोई भी उक्त के साथ लेन देन करेगा वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### प्ले स्कूलों का पंजीकरण होगा अनिवार्यः डीसी

**चरखी दादरी।** सरकार की और से राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने प्ले स्कूलों के संबंध में नई गाइडलाइन तैयार की गई है। नई गाइड लाइन के अनुसार सभी प्ले स्कूलों का पंजीकरण करवाना अनिवार्य कर दिया है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने कहा कि सभी प्राइवेट व सरकारी प्ले स्कूलों के पंजीकरण के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को अधिकृत किया है और प्ले स्कूलों को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तर पर एक वर्ष के लिए पंजीकृत किया जाएगा।

### पहाड़ी माता मंदिर में 30 से शुरू होंगे नवरात्रेः एसडीएम

**लोहारू।** एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि पहाड़ी माता मंदिर परिसर में 30 मार्च से लगने वाले नवरात्रों के मेले में श्रद्धालुओं को पहाड़ी माता के दर्शन के लिए कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को बिजली, पानी आदि की सभी मूलभूत सुविधाएं होनी चाहिए। पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए। एसडीम मनोज दलाल स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित अपने कार्यालय में पहाड़ी माता मंदिर परिसर में नवरात्रि के अवसर पर लगने वाले मेले के प्रबंधों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

### मतदाता सूची तैयार करने का शैड्यूल जारी

**लोहारू।** निर्वाचन आयोग द्वारा खण्ड लोहारू की ग्राम पंचायतों में गांव ढाणी ढोला के वार्ड न. 02, ढाणी श्यामा वार्ड न. 02, ढिगावा श्यामियान वार्ड न. 08 , फरटिया भीमा वार्ड न. 04, मोहम्मद नगर वार्ड न. 05, सिंघानी वार्ड न. 10, सोहांसडा वार्ड न. 17 में पंचों के रिक्त पदों को भरने हेतु उपचुनाव के लिए विधानसभा मतदाता सूची 12 सितंबर 2024 को आधार मानकार 21 मार्च मार्च 2025 तक के आंकड़ों सहित मतदाता सूची तैयार करने का शैड्यूल निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किया गया है।

### युवाओं को नशे से दूर रहने को किया प्रेरित

**भिवानी।** एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल ने कहा कि युवाओं को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए। सरकार की बेहतर खेल नीति की वजह से आज खेलों में उज्ज्वल भविष्य है। बचपन से ही पढ़ाई के साथ-साथ किसी न किसी खेल में भाग जरूर लेना चाहिए। इससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। एडीसी नागपाल वीरवार को अपने कार्यालय में शहीद भगत सिंह युवा क्लब बागनवाला और पंचायत प्रतिनिधियों को अपना संदेश दे रहे थे। क्लब के सदस्यों ने उनके गांव में 25 से 27 मार्च तक आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल किए गए।

### टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को किया सम्मानित

**चरखी दादरी।** विश्व टीबी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त मुनीश शर्मा ने जिला की उन ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया जो पूर्णतः टीबी मुक्त हो चुकी है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने कहा कि टीबी अब बहुत ज़्यादा गंभीर बीमारी नहीं रही है।

## प्रमोशन कोटा 25 की बजाय 50 प्रतिशत निर्धारित करने की मांग

# पूरा बकाया मानदेय देने और खाली पदों पर भर्ती करने की मांग रखी

**लघु सचिवालय परिसर के बाहर आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स ने दूसरे दिन भी दिया धरना**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी




भिवानी। लघु सचिवालय परिसर के बाहर आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स के धरने को संबोधित करती वक्ता व ज्ञापन सौंपती आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स व अन्य।

आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन के आह्वान पर आंगनबाड़ी कर्मियों की मांगों व समस्याओं के समाधान नहीं करने के विरोध में धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। गुरुवार को कार्यक्रम की अध्यक्षता राजबाला निनान और रीटा ने की तथा मंच संचालन जिला सहसचिव सुनीता चहल व प्रिया ने किया।

वर्कर्स हैल्पर को जिला कोषाध्यक्ष प्रिया ने भी संबोधित किया। जिला प्रधान राजबाला निनान ने बताया कि 20 मार्च को सैंकड़ों की संख्या में वर्कर्स व हेल्पर्स ने प्रदर्शन करते हुए 16 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सीटीएम के माध्यम से डायरेक्टर को भेजा। आंगनवाड़ी वर्कर्स हेल्पर्स की मांगों की अनदेखी के कारण आंगनवाड़ी वर्कर्स हेल्पर यूनियन संबंधित सीटू एवं सर्व कर्मचारी संघ ने 26 से 28 मार्च का विरोध प्रदर्शन डीसी कार्यालय पर करने का आह्वान किया है। सरकार ने समय रहते लंबित मांगों का समाधान नहीं किया तो धरना प्रदर्शन अनिश्चितकालीन भी हो सकता है। सरकार काम पक्का ले रही है तो हमारी नौकरी भी पक्की होनी चाहिए।

गुजरात सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार हमें ग्रेजुएटी व पक्के कर्मचारी का दर्जा दिया जाना चाहिए। केंद्र में बैठी सरकार व राज्य में बैठी सरकार इसे लागू नहीं कर रही है। विभाग द्वारा आंगनबाड़ी वर्करों को घटिया क्वालिटी के टू जी और थ्री जी रैम के फोन दिए और वर्कर्स से काम फाइव जी वाला लिया जा रहा है, जो बिल्कुल भी संभव नहीं है। आंगनवाड़ी में कभी बच्चों की दादी कभी बच्चों की मां खाना लेकर जाती हैं, यह शर्त हटाई जानी चाहिए कि एक ही बंदा राशन लेकर जाए, जो दूसरा पोषण ट्रैकर ऐप में फोटो कैप्चर केवाईसी करते हुए ओटीपी मांगता है, जिससे लोग साइबर ठगी से डरते हैं और ओटीपी देने में असमर्थ हैं। आंगनवाड़ी में गरीब बच्चे आते हैं और 100 ग्राम राशन के लिए कोई अपना ओटीपी देना पसंद नहीं करता।

#### ये रही मांगें

राजबाला निनान ने कहा कि पिछले आंदोलन के दौरान बर्खास्त आंगनबाड़ी वर्कर्स को पिछला काम करने की शर्त पर मानदेय देने की बात हुई थी और पिछला सारा काम कर दिया है। वहीं यमुनानगर, करनाल और सिरसा में मानदेय दिया है, जबकि भिवानी में टर्मिनेट की गई हेल्परों व वर्करों का मानदेय अभी तक नहीं दिया हैं। उन्होंने कहा कि रुका हुआ सारा मानदेय दिया जाए, खाली पड़े पदों पर भर्ती की जाए, प्रमोशन 25 परसेंट की बजाय 50% कोटा किया जाए, पीएमएमवीवाई का मेहनताना दिया जाए, जो 2017 के बाद अभी तक नहीं लागू किया गया है। वहीं दूसरी आंगनवाड़ी का अतिरिक्त काम संभाल रही वर्कर्स को कम से कम आधा मानदेय अलग से दिया जाना चाहिए। मानदेय का टाइम पर भुगतान हो, आंगनवाड़ी कम क्रैच के सेंटर का किराया दिया जाए, प्ले स्कूल की वर्कर्स हेल्पर्स को 5000 व 2500 रुपये को ज्यादा दिए जाए।

#### ये रहे मौजूद

सीटू नेता अनिल कुमार, फूलसिंह, पूर्व किसान सभा अध्यक्ष मास्टर शेरसिंह, वीरेंद्र ग्रेवाल बामला, रिटायर कर्मचारी संघ से फतेहसिंह, रतन कुमार जिंदल आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। प्रदर्शन में भिवानी ब्लॉक से रमन, सुनीता चहल, प्रिया सुनीता, किरण, दर्शना, चांग से रीता, रितु सुनीता, कैरू ब्लॉक से शकुंतला, राजबाला, सुरेश, ब्रह्मशक्ति, सीमा शीला व रोशनी आदि मौजूद रहे।



भिवानी। पैरा खेलों इंडिया में स्वर्ण पदक जीतने वाली मुस्कान श्योराण को सम्मानित करते डीसी महाबीर कौशिक, कामरेड ओमप्रकाश व अन्य।

## पैरा ओलंपिक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने मुस्कान का घर जाकर किया सम्मान

- दिव्यांगता सफलता में नहीं बनती बाधक, मुस्कान ने किया साबित
- पैरा खेलो इंडिया में मुस्कान ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

लहरों से डर करके नौका पार नहीं होती, हिम्मत करने वालों की हार नहीं होती कविता की चंद लाइनें दिव्यांग खिलाड़ी मुस्कान पर बिल्कुल स्टिक बैठती हैं, जिन्होंने अपनी दिव्यांगता को अपने जीवन में कभी आड़े नहीं आने दिया और चढ़ान की तरह मजबूती से मैदान में डटी रही।

मुस्कान ने हाल ही में पैरा खेलो इंडिया में 4.92 मीटर शॉटपुट फेंक कर गोल्ड मेडल जीता हैं और अपनी दिव्यांगता को बोना साबित कर दिया हैं। खेल नगरी भिवानी की बेटी मुस्कान श्योराण दिव्यांगता को मात देकर गोल्डन गर्ल बनी है। पैरा खेलो इंडिया की गोल्डन गर्ल मुस्कान की उपलब्धि पर विद्या नगर में सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि उपायुक्त महाबीर कौशिक, विशिष्ट अतिथि पैरा ओलंपिक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश सांगवान, द्रोणाचार्य व अर्जुन अवॉर्डी आशन कुमार सांगवान ने शिरकत की। कार्यक्रम में मुस्कान के साथ-साथ उसके कोच मदन को भी सम्मानित किया।

#### बेटी पर हम सबको गर्व

उपायुक्त कौशिक ने कहा कि मुस्कान ने अपने दो साल के अभ्यास में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में तीन बार गोल्ड मेडल जीते हैं, जो बड़ी उपलब्धि है, बेटी मुस्कान पर हम सबको गर्व है। पैरा ओलंपिक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश सांगवान ने मुस्कान को घर जाकर 11 हजार रूपये की नकद राशि देकर सम्मानित किया। द्रोणाचार्य अवॉर्डी आशन कुमार सांगवान व मुस्कान के कोच मदन सिंह ने कहा कि मुस्कान को अभी अभ्यास करते केवल दो साल हुए हैं और मुस्कान पैरा एशियाई व पैरा वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारी कर रही है।

# प्रतियोगिता में 44 टीमें दिखाएंगी दम

- तीसरी फास्ट फाईव सब जूनियर राष्टीय नेटबॉल प्रतियोगिता का आगाज, तीन दिन चलेगी स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। नेट में बाल डालकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए।

हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन द्वारा जिले के गांव कलिंगा स्थित निजी स्कूल में वीरवार से तीन दिवसीय लडक़े व लड़कियों के वर्ग की तीसरी फास्ट फाइव सब जूनियर राष्टीय नेटबॉल प्रतियोगिता का आगाज हुआ।

हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव बबीता दहिया ने बताया कि तीन दिवसीय राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप में देश भर की 44 टीमें हिस्सा लेने पहुंची, जिससे खेल के प्रति बढ़ती रूचि और प्रतिस्पर्धा की भावना का प्रदर्शन हो रहा है। चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यअतिथि रोहतक के रूरकी धाम के संचालक खड़ेश्वरी बाबा पालनाथ ने शिकरत की तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव विजेंद्र दहिया, नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की प्रधान सुमन कौशिक, टूर्नामेंट कमेटी के कन्वीनर लक्ष्मण, टैक्नीकल कमेटी के चेयरमैन अशोक आनंद पहुंचे तथा खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए खड़ेश्वरी बाबा पालनाथ ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं खिलाडिय़ों को अपनी क्षमता दिखाने और उच्च स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का मौका देती है। इससे युवाओं को भविष्य में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित भी करती है। ऐसे में प्रत्येक युवा को चाहिए कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी अपने जीवन में अपनाएं, ताकि वे शारीरिक व मानसिक तौर पर स्वस्थ रहकर देश की उन्नति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकें।

इस मौके पर नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव विजेंद्र दहिया ने कहा कि नेटबॉल ना केवल एक रोमांचक खेल है, बल्कि टीम वर्क और रणनीति का बेहतरीन उदाहरण भी प्रस्तुति करता है। इस प्रतियोगिता से युवा खिलाडिय़ों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं मात्र एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि खेल प्रतिभाओं को तराशने और खेल संस्कृति को विकसित करने का एक महत्वपूर्ण जरिया है।

### मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान बच्चों ने सांस्कृति कार्यक्रम किए पेश

**भिवानी।** वैश्य एडिड प्राइमरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया। इस अवसर पर शिवरत्न गुप्ता अध्यक्ष वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट, विद्यालय प्रबन्ध-समिति के महासचिव बृजलाल सर्राफ, पवनकुमार बुवानीवाला, विजयकिशन अग्रवाल, महेश गर्ग, विजय गुप्ता बतौर अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। तदोपरान्त महेश गर्ग ने अतिथियों का माल्यार्पण से स्वागत किया। गुप्ता ने अपने सम्बोधन में बताया कि शिक्षा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों द्वारा विद्यार्थियों में प्रतिभा का विकास होता हैं। विद्यार्थियों व अध्यापिकाओं द्वारा की गई मेहनत की प्रंशसा करते हुए बताया कि अभिभावकगण अपने बच्चों का हौंसला बढ़ाए ताकि बच्चे जीवन में कामयाब हो सकें। महासचिव सर्राफ ने कहा कि बच्चे देश की पूंजी हैं, उन्हें अच्छे संस्कार दिए जाए, जिससे वे सबका नाम रोशन कर सकें। पवन कुमार व विजय किशन ने कहा कि जीवन में कामयाबी के लिए शिक्षा जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चे मेहनत करें और मोबाइल का प्रयोग कम से कम करें। विद्यार्थियों ने मनोहर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर स्कूल इन्चार्ज दीपिका, सुनीता कालरा, मालारानी, कविता, पूजा सोनी, योगिता, पूजा व उर्मिला आदि उपस्थित रहे।

### बिना पूर्व सूचना के आधे शहर की बत्ती रही गुल, लोग रहे परेशान

**लोहारू।** गर्मी की दस्तक शुरू होने के साथ ही दोपहर में गर्मी ने तेवर कड़े कर लिए हैं। दोपहर का बढ़ता तापमान और ऊपर से गुरूवार को बिजली विभाग की बिना कोई पूर्व सार्वजनिक सूचना के लिए शहर के मुख्य आधे बाजार में बिजली गुल रही। जिसके कारण लोगों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हुए और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अनेक बिजली उपभोक्ताओं ने बताया कि शहर में सुबह करीब 11 बजे भगत सिंह चौक से अनाज मंडी तक के मुख्य बाजार की बिजली आपूर्ति काट की गई थी और सांय छह बजे बिजली आपूर्ति बहाल की गई।

#### लगाए जा रहे खंभे

हालांकि इस दौरान बिजली के खंभे लगाने काम किया जा रहा था। लेकिन बिजली विभाग से इसके बारे में कोई पूर्व सूचना नही दी। जिसके कारण दुकानदारों और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा नए जा रहे बिजली के खंभों का कोई निर्धारित पैमाना नही है। सभी खंभे बेतरतीब तरीके से लगाए जा रहे हैं। खंभें को मुख्य सडक़ को ध्यान रखते हुए सीधी लाइन में लगाने चाहिए ताकि भविष्य में ये बिजली के खंभे दुर्घटना का कारण ना बनें।



### हवन से बीआर स्कूल का नया सत्र शुरू

**चरखी दादरी।** बीआर आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिरही कलां में नए सत्र के आरंभ पर शांति, समृद्धि एवं समस्त मानवता के कल्याण हेतु दिव्य हवन का आयोजन किया गया। इस हवन अनुष्ठान का संचालन पंडित मनोज शास्त्री ने किया, जिन्होंने मंत्रोच्चारण कर वातावरण को आध्यात्मिक आभा से भर दिया। उन्होंने अग्नि प्रज्वलित कर यज्ञ की विधिवत शुरुआत की। कार्यक्रम में सुशीला देवी ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उनके साथ विद्यालय के चेयरमैन कृष्ण भारद्वाज, पंकज भारद्वाज एवं पूजा भारद्वाज कार्यक्रम में शामिल हुए। अतिथियों ने आहुति अर्पित कर विद्यालय परिवार की उन्नति और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामनाएं की।

## होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

- केएम उच्च विद्यालय में धूमधाम से मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह


हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते सेठ किरोड़ीमल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष मनीष सिंघानिया व प्रबंधक आनंद बासिया। *फोटो: हरिभूमि*

केएम उच्च विद्यालय में वीरवार को केएम प्राथमिक एवं केएम उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया। विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों, खेल-कूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

समारोह का शुभारंभ सेठ किरोड़ीमल चैरिटेबल ट्रस्ट रायगढ़ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष मनीष सिंघानिया, प्रबंधक आनंद बासिया, मुख्याध्यापिका पूजा शर्मा व सीमा शर्मा ने मां सरस्वती एवं सेठ किरोड़ीमल की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण करके किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी, जिसमें नृत्य, नाटक और गायन प्रमुख आकर्षण रहे। इसके बाद विभिन्न कक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और ट्रॉफियां भेंट कर सम्मानित किया। अध्यक्ष सिंघानिया व प्रबंधक बासिया ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी आगे बढ़ना चाहिए, ताकि वे आत्मविश्वासी और बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी बन सकें। उन्होंने कहा कि वार्षिक पारितोषिक वितरण जैसे समारोह विद्यालय के शैक्षिक व सांस्कृतिक विकास का महत्वपूर्ण पहलू है।



### 35 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**भिवानी।** वंशिका फाउंडेशन एवं उड़ान वेलफेयर सोसाइटी मिताथल ने वीरवार को चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में आपातकालीन रक्तदान शिविर का आयोजन किया। वंशिका फाउंडेशन के अध्यक्ष रक्तवीर मनीष वर्मा व मास्टर पवन कुमार मिताथल ने बताया कि शिविर में चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल टीम ने 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया। रक्तदाताओं ने ब्लड बैंक में पहुंचकर रक्तदान किया। इस मौके पर शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने बताया कि रक्त की जरूरत कभी भी किसी को भी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी न किसी को नई जिंदगी देता है। मास्टर पवन मिताथल ने 26वीं बार रक्तदान करते हुए कहा कि युवाओं को रक्तदान की मुहिम में समय-समय पर बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। गर्मी की वजह से वायरल अपने पैर पसार चुका है, जिसके चलते दिन प्रतिदिन रक्त की मांग बढ़ती जा रही है। सक्रिय रक्तदाता मोहिन खान ने 23वीं बार रक्तदान किया। इस मौके पर लोकसंपर्क विभाग व हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के कर्मचारियों ने आकर रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ. मोनिका सांगवान, स्टाफ नर्स गुंजन लेब टेक्नीशियन, कृष्णा सांगवान आदि मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- पिता की अस्थियों को गंगा की बजाय खेत में विसर्जित कर रोपित किए 11 पौधें

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। अपने पिता की स्मृति में खेत में पौधरोपित करते सदानंद व अन्य।

गांव संडवा निवासी भुक्कल परिवार में चार भाईयों ने अपने स्वर्गीय पिता की इच्छा का सम्मान करते हुए पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश दिया है।

संडवा निवासी सदानंद भुक्कल, हीरानंद भुक्कल, आनंद भुक्कल व कृपानंद भुक्कल ने अपने पिता सुरेश भुक्कल के निधन के उपरांत उनकी अस्थियों को गंगा में विसर्जित करने की बजाय अपने खेत में ही दबाकर उस पर 11 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है। बता दें कि जब स्वर्गीय सुरेश भुक्कल के बड़े भाई रोहताश भुक्कल का निधन हुआ था, तब भी उनके पिता स्वर्गीय सुरेश भुक्कल ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करते हुए उनकी अस्थियों को खेतों में दबाकर पौधें रोपित किए थे, जो आज वृक्ष बन चुके है। सदानंद, हीरानंद, आनंद व कृपानंद भुक्कल ने बताया कि उनके पिता ने हमेशा पर्यावरण को बचाने की बात की और उनकी इच्छा थी कि उनकी मृत्यु उपरांत ऐसा कार्य किया जाए, जो अन्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करें।

## तोशाम के बीएलजेएस कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन

# प्रकृति से खिलवाड़ कर रहा मानवः प्रो. हरीश

- अपने धर्म, कर्म पर चलते हुए मोक्ष को प्राप्त करना चाहिए : प्रो. डॉ. दीप्ति धर्माणी

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम



तोशाम। मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

तोशाम के बनवारीलाल जिन्दल सूईवाला महाविद्यालय में भूगोल विभाग द्वारा उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के तत्वावधान में एयर क्वालिटी इन्डेक्स एण्ड सस्टेनेबल सॉल्यूशन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

उद्घाटन सत्र पर चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी कि कुलपति प्रो. डॉ. दीप्ति धर्माणी मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता केन्द्रीय विश्वविद्यालय पाली महेंद्रगढ़ के रसायन विभाग के प्रोफेसर डॉ. हरीश मुदगिल ने शिरकत की। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता का महाविद्यालय ट्रस्टी देवेन्द्र देव शर्मा, प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार भारद्वाज, निदेशक डॉ. विपुल शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार भारद्वाज ने संगोष्ठी में पधारे मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता, प्रतिनिधि एवं शोधार्थियों का हृदय कि गहराइयों से स्वागत किया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर हरीश मुदगिल ने वर्तमान में बढ़ रहे वायु प्रदूषण पर चिंता जताते हुए बढ़ते कारणों एवं समाधानों पर विस्तार से चर्चा करते हुए नैनो सामग्री पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मानव अपनी सुविधाओं के लिए जिस प्रकार प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहा है ।

#### बढ़ती समस्या का निदान कर हमारा धर्मः कुलपति

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. डॉ. दिप्ती धर्माणी ने मानवीय जीवन के चार पुरुषार्थों पर बोलते हुए बढ़ते हुए पर्यावरण प्रदूषण पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमें अपने धर्म, कर्म, अर्थ पर चलते हुए मोक्ष को प्राप्त करना चाहिए। वर्तमान में बढ़ते प्रदूषण के कारण हम सभी है। आवश्यकता अविष्कार कि जननी है हमें एकता के सुत्र में बंधे कर इस बढ़ती समस्या का निदान कर हमारा धर्म है। मुख्य वक्ता प्रो पवन कुमार भूगोल विभाग चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी ने विषय पर बोलते हुए विभिन्न समाधानों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस समस्या के बढ़ावे का कारण मानवजाति है और इसका निदान भी वही कर सकती है। संगोष्ठी में विभिन्न महाविद्यालयों से प्रधारे लगभग सौ प्रतिनिधि एवं शोधार्थियों प्रतिभागिता दी।